दिनांक 27.12.2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मोबाइल मेडिकल शिविर से मिल रहा लोगो को स्वास्थ्य लाभ

भिलाईनगर/ भिलाई निगम क्षेत्र में संचालित मोबाइल मेडिकल के स्वास्थ्य शिविर में नागरिक प्रतिदिन स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज रविदास नगर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया वहीं उन्होंने आए हुए लोगों से फीडबैक भी लिया। रोजाना अलग-अलग स्थानों पर लगने वाले शिविर में सर्दी, खांसी, बुखार व सामान्य बीमारियों का त्वरित इलाज हो रहा है। शिविर में उपस्थित अनुभवी चिकित्सको की टीम आवश्यक लैब टेस्ट कर तत्काल रिपोर्ट दे रहे है जिससे शीघ्र इलाज हो रहा है। घर के पास ही शिविर में बिना कोई लाइन लगाए और फीस दिए इलाज होने से लोगो को निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है , जिससे सरकार द्वारा सब्बो स्वास्थ्य जम्मो सुघ्घर योजना साकार हो रही है। योजना का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हो इसके लिए निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे लगातार शिविर स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश देते रहते है ताकि अधिक से अधिक लोगो को योजना से लाभान्वित किया जा सके। निगम आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान मोबाइल मेडिकल में उपस्थित चिकित्सकों से दवाइयों के स्टॉक तथा किस प्रकार की दवाइयों का वितरण अधिक किया जा रहा है इस प्रकार की जानकारियां लिये , स्वास्थ्य शिविर में पहूंचने वाले लोगों को बिना कोई समस्या के बेहतर जांच व इलाज करने के निर्देश दिए।
चिकित्सकीय स्टाॅफ ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में शुगर , हिमोग्लोबिन, डब्ल्यूबीसी, आरबीसी, प्लेटलेट्स ब्लड ग्रुपिंग एवं अन्य आवश्यक जांच के लिए रक्त परीक्षण कराने के उपरांत कुछ ही समय में मरीजों को रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा रही है। रक्त परीक्षण उपरांत बहूत अधिक समय तक इंतजार करने की आवश्यकता नहीं है। उल्लेखनीय है कि शिविर में अनुभवी चिकित्सकों के अलावा लैब टेक्नीशियन भी उपलब्ध है। जो लैब में टेस्ट कर इसकी रिपोर्ट मरीजों को शीघ्र उपलब्ध करने का कार्य कर रहे है। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लग रहे स्वास्थ्य शिविर में अब तक 79342 लोगों ने अपना इलाज कराया है। शिविर में हिमोग्लोबिन, पेशाब, बीपी, शुगर एवं अन्य तरह की जांच लोग करा रहे हैं। 72986 मरीजों ने शिविर से नि:शुल्क दवाइयां प्राप्त की है। निगम भिलाई में दो मोबाइल मेडिकल यूनिट तथा एक दाई-दीदी क्लीनिक क्षेत्र में संचालित हो रही है। प्रतिदिन अलग-अलग स्लम क्षेत्रों में लगने वाले स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में लोग प्रातः से पहूंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ ले रहे हैं। शिविर का समय प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित है।